रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 11/12/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** कौन-सा कथन, कार्बनिक यौगिकों की सजातीय श्रेणी का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

Ans
- ✔ A. समान सामान्य सूत्र, समान रासायनिक गुणों और –CH2– समूह द्वारा भिन्न क्रमागत सदस्यों वाले यौगिकों की एक श्रेणी
- ✘ B. शाखित श्रृंखलाओं वाले यौगिकों की एक श्रेणी
- ✘ C. समान भौतिक गुणों वाले तत्वों की एक श्रेणी
- ✘ D. विभिन्न प्रकार्यात्मक समूहों लेकिन समान आण्विक सूत्र वाले यौगिकों की एक श्रेणी

**Q.2** दिए गए विकल्पों में से, अलैंगिक जनन की कौन-सी विधि जनक पादप (parent plant) के खंडित हिस्से से एक नए पादप का निर्माण करती है?

Ans
- ✔ A. खंडन (Fragmentation)
- ✘ B. बीजाणु निर्माण (Spore formation)
- ✘ C. द्वि-विभाजन (Binary fission)
- ✘ D. निषेचन (Fertilisation)

**Q.3** निम्नलिखित में से कौन-सा मानवीय क्रियाकलाप ओजोन परत के क्षरण में योगदान देता है?

Ans
- ✘ A. सौर ऊर्जा का उपयोग
- ✔ B. CFC-आधारित रेफ्रिजरेंट और स्प्रे कैन का उपयोग
- ✘ C. जैविक अपशिष्ट से कम्पोस्ट बनाना
- ✘ D. जल संरक्षण

**Q.4** न्यूटन के गति के दूसरे नियम के अनुसार, जब किसी वस्तु पर असंतुलित बल लगाया जाता है, तो क्या होता है?

Ans
- ✘ A. वस्तु तत्काल विराम में आ जाती है
- ✔ B. वस्तु का संवेग लगाए गए बल की दिशा में बदल जाता है
- ✘ C. वस्तु का संवेग अपरिवर्तित रहता है
- ✘ D. वस्तु एक वृत्तीय पथ पर गति करती है

**Q.5** ध्वनि की चाल (v) की गणना किन दो तरंग गुणधर्मों का गुणा करके की जाती है?

Ans
- ✘ A. आयाम और समय अवधि
- ✘ B. आयाम और आवृत्ति
- ✔ C. तरंग दैर्ध्य और आवृत्ति
- ✘ D. तरंग दैर्ध्य और आयाम

| | |
|---|---|
| Q.6 | न्यूरॉन के मुख्य घटक कौन-से हैं? |
| Ans | ✗ A. द्रुमिका, कोशिका-काय और तंत्रिका अंत |
| | ✓ B. द्रुमिका, कोशिका-काय और तंत्रिकाक्ष |
| | ✗ C. द्रुमिका, कोशिका-काय, तंत्रिकाक्ष और तंत्रिका अंत |
| | ✗ D. कोशिका-काय, द्रुमिका, तंत्रिका अंत और अंतर्ग्रथन |

| | |
|---|---|
| Q.7 | नर तथा मादा युग्मक के संलयन से आरंभ होने वाले जनन को क्या कहा जाता है? |
| Ans | ✓ A. लैंगिक जनन |
| | ✗ B. द्वि-खंडन |
| | ✗ C. मुकुलन |
| | ✗ D. क्लोनन |

| | |
|---|---|
| Q.8 | निम्नलिखित में से कौन-सा, यौगिक का अणु है? |
| Ans | ✓ A. H2O |
| | ✗ B. O2 |
| | ✗ C. N2 |
| | ✗ D. H2 |

| | |
|---|---|
| Q.9 | किसी पदार्थ का सूत्र इकाई द्रव्यमान (formula unit mass) एक ______ की सूत्र इकाई में सभी परमाणुओं के परमाणु द्रव्यमान के योगफल के बराबर होता है। |
| Ans | ✓ A. यौगिक |
| | ✗ B. परमाणु |
| | ✗ C. तत्व |
| | ✗ D. मिश्रण |

| | |
|---|---|
| Q.10 | एक किसान नदी के किनारे रहता है, लेकिन उसके क्षेत्र के नहर-तंत्र को जलाशय से अनियमित जल आपूर्ति मिलती है। सिंचाई के लिए उसे आदर्श रूप से क्या अपनाना चाहिए? |
| Ans | ✗ A. कुएँ (Wells) |
| | ✓ B. नदी लिफ्ट तंत्र (River lift system) |
| | ✗ C. केवल स्प्रिंकलर का उपयोग (Use of sprinklers only) |
| | ✗ D. बाढ़ सिंचाई (Flood irrigation) |

| | |
|---|---|
| Q.11 | द्रव्यमान M और त्रिज्या R वाले ग्रह की सतह पर गुरुत्वीय त्वरण का व्यंजक क्या है? |
| Ans | ✗ A. g=R/GM2 |
| | ✗ B. g=GR/M2 |
| | ✗ C. g=GM2/R |
| | ✓ D. g=GM/R2 |

| | |
|---|---|
| Q.12 | उत्तल दर्पण का वक्रता केन्द्र कहाँ स्थित होता है? |
| Ans | ✗ A. दर्पण के ध्रुव पर |
| | ✓ B. दर्पण के पीछे |
| | ✗ C. दर्पण के मुख्य फोकस पर |
| | ✗ D. दर्पण के सामने |

| Q.13 | गोल लेंस के लिए चिह्न परिपाटी के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. अवतल लेंस की फोकस दूरी ऋणात्मक होती है। |
| | ✓ B. जब वस्तु को मुख्य अक्ष के ऊपर रखा जाता है तो वस्तु की ऊंचाई ऋणात्मक होती है। |
| | ✗ C. उत्तल लेंस की फोकस दूरी धनात्मक होती है। |
| | ✗ D. वस्तु की दूरी ऋणात्मक होती है। |

| Q.14 | एक ही पदार्थ के दो तार A और B की लंबाई समान है, लेकिन तार A का अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल, तार B के अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल का दोगुना है। उनके प्रतिरोधों $R_A : R_B$ का अनुपात क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 2 : 1 |
| | ✗ B. 1 : 1 |
| | ✗ C. 4 : 1 |
| | ✓ D. 1 : 2 |

| Q.15 | क्लोरीन परमाणु के K, L, और M शेल में इलेक्ट्रॉनों का वितरण ________ है। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 2, 8, 7 |
| | ✗ B. 2, 7, 8 |
| | ✗ C. 2, 7, 7 |
| | ✗ D. 2, 6, 5 |

| Q.16 | निम्नलिखित में से कौन-सी अभिक्रिया एथेनोइक अम्ल की अम्लीय प्रकृति को प्रदर्शित करती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एथेनोइक अम्ल + मेथेनॉल → मेथेनोइक अम्ल + एथेन |
| | ✗ B. एथेनोइक अम्ल + सोडियम → सोडियम एथेनोएट + हाइड्रोजन गैस |
| | ✓ C. एथेनोइक अम्ल + सोडियम हाइड्रॉक्साइड → सोडियम एथेनोएट + जल |
| | ✗ D. एथेनोइक अम्ल + एथेनॉल → एस्टर + जल |

| Q.17 | एक कण की गतिज ऊर्जा शून्य है। कण की गति के बारे में क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. यह उच्च त्वरण के साथ गतिमान है |
| | ✗ B. इसका संवेग अधिकतम है |
| | ✓ C. यह विरामावस्था में होना चाहिए |
| | ✗ D. यह एकसमान वेग से गतिमान है |

| Q.18 | बाह्य त्वचा किस प्रकार के उपकला ऊतक से बनी होती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. स्तंभाकार उपकला (Columnar epithelium) |
| | ✗ B. सरल पट्टकी उपकला (Simple squamous epithelium) |
| | ✗ C. घनाभाकार उपकला (Cuboidal epithelium) |
| | ✓ D. स्तरीकृत पट्टकी उपकला (Stratified squamous epithelium) |

| Q.19 | निम्नलिखित में से सही कथन का चयन करें।<br><br>A) गैस कणों के बीच अधिक स्थान होने से उन्हें आसानी से लघु आयतनों में निष्पीडित (squeezed) किया जा सकता है।<br>B) गैस कणों की औसत गतिज ऊर्जा उच्च होती है। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. A और B दोनों |
| | ✗ B. केवल B |
| | ✗ C. न तो A और न ही B |
| | ✗ D. केवल A |

| Q.20 | कार्बन डाइऑक्साइड की कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड (चूने का पानी) के साथ अभिक्रिया होने पर निम्नलिखित में से कौन-सा उत्पाद बनता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. कैल्शियम बाइकार्बोनेट |
| | ✓ B. कैल्शियम कार्बोनेट |
| | ✗ C. कैल्शियम ऑक्साइड |
| | ✗ D. सोडियम कार्बोनेट |

| Q.21 | केन्द्रक के संबंध में निम्नलिखित से कौन-सा कथन सही नहीं है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. केंद्रक, कोशिकीय जनन में एक मुख्य भूमिका निभाता है। |
| | ✗ B. केंद्रक में गुणसूत्र होते हैं। |
| | ✓ C. केंद्रकीय झिल्ली एक अरंध्रीय और दृढ़ संरचना है। |
| | ✗ D. केंद्रकीय झिल्ली एक द्वि-परतीय संरचना है। |

| Q.22 | किसी कण का वेग-समय ग्राफ, ऋणात्मक प्रवणता वाली एक सरल रेखा है। यह कण की गति के बारे में क्या इंगित करती है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. यदि कण, धनात्मक दिशा में गति कर रहा है, तो उसकी गति धीमी हो रही है। |
| | ✗ B. कण, विराम में है। |
| | ✗ C. कण, धनात्मक दिशा में शीघ्रता से बढ़ रहा है। |
| | ✗ D. कण, बढ़ते त्वरण के साथ गति कर रहा है। |

| Q.23 | यदि अम्ल वर्षा के पानी की एक बूंद नीले लिटमस पेपर पर डाली जाए तो क्या होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. लिटमस पेपर का रंग नहीं बदलता। |
| | ✓ B. नीला लिटमस पेपर लाल हो जाएगा। |
| | ✗ C. नीला लिटमस पेपर काला हो जाएगा। |
| | ✗ D. नीला लिटमस पेपर पीला हो जाएगा। |

| Q.24 | एक विद्यार्थी एक चमकते बल्ब के टर्मिनलों पर एक वोल्टमीटर जोड़ता है। वोल्टमीटर क्या मापता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. बल्ब द्वारा उत्पन्न ऊष्मा |
| | ✗ B. बल्ब में प्रवाहित धारा |
| | ✓ C. बल्ब में विभवांतर |
| | ✗ D. बल्ब का प्रतिरोध |

| Q.25 | मादा मानव में, जब अंडा निषेचित नहीं होता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया होती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. प्रसव |
| | ✗ B. युग्मनज निर्माण |
| | ✗ C. भ्रूण विकास |
| | ✓ D. रजोधर्म |

Section : **Mathematics**

| Q.26 | 239 m लंबी एक ट्रेन, विपरीत दिशा से आ रही 161 m लंबी दूसरी ट्रेन को 20 सेकंड में पार करती है। यदि पहली ट्रेन की चाल 43 km/hr है, तो दूसरी ट्रेन की चाल ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 29 km/hr |
| | ✗ B. 32 km/hr |
| | ✗ C. 38 km/hr |
| | ✗ D. 25 km/hr |

| Q.27 | 10, 14, 38 और 28 में से प्रत्येक में x जोड़ने पर इसी क्रम में प्राप्त संख्याएँ समानुपात में होती हैं। यदि 3x : y :: y : (5x − 6), और y > 0 है, तो y का मान कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 72 |
| | ✘ B. 79 |
| | ✘ C. 65 |
| | ✘ D. 78 |

| Q.28 | X व्यक्तियों को एक काम को 36 दिनों में पूरा करने का ठेका दिया गया था। 3 व्यक्ति बीमारी के कारण काम पर नहीं आए, और शेष व्यक्तियों ने 39 दिनों में काम पूरा कर लिया। X का मान कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 39 |
| | ✘ B. 48 |
| | ✘ C. 40 |
| | ✘ D. 44 |

| Q.29 | 170 m और 220 m लंबी दो ट्रेनें विपरीत दिशाओं में चल रही हैं। पहली 45 km/hr और दूसरी 63 km/hr की चाल से चलती है। उन्हें एक-दूसरे को पार करने में कितना समय लगेगा? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 20 सेकंड |
| | ✘ B. 17 सेकंड |
| | ✘ C. 23 सेकंड |
| | ✔ D. 13 सेकंड |

| Q.30 | चतुर्भुज PQRS में, ∠R और ∠S के समद्विभाजक बिंदु T (चतुर्भुज के भीतर) पर मिलते हैं और ∠STR = 42.5° है। यदि ∠P और ∠Q का अनुपात 8 : 9 है, तो ∠Q और ∠P की मापों में कितना अंतर है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 2° |
| | ✘ B. 6° |
| | ✘ C. 7° |
| | ✔ D. 5° |

| Q.31 | निम्नलिखित को सरल कीजिए। $\frac{(a^3-b^3)}{(a^2+ab+b^2)}+\frac{(a^3+b^3)}{(a^2-ab+b^2)}$ |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 2a2 |
| | ✘ B. 2b |
| | ✘ C. 2b2 |
| | ✔ D. 2a |

| Q.32 | दो मित्र, डेविड और अजय की मासिक आय का अनुपात 5 : 8 है, तथा उनमें से प्रत्येक हर माह ₹72,000 की बचत करता है। यदि उनके मासिक व्यय का अनुपात 1 : 4 है, तो डेविड की मासिक आय (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 1,26,000 |
| | ✘ B. 89,000 |
| | ✔ C. 90,000 |
| | ✘ D. 91,000 |

| Q.33 | नोटबुक के एक डिब्बे की कीमत ₹7400 है। दुकानदार ने क्रय-मूल्य पर 28% की छूट दी। विक्रय मूल्य (₹ में) क्या होगा? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 5,328 |
| | ✘ B. 5,377 |
| | ✘ C. 5,348 |
| | ✘ D. 5,406 |

| | |
|---|---|
| Q.34 | यदि 2023 में कंपनी A का व्यय ₹660 करोड़ था और लाभ प्रतिशत 35% था, तो 2023 में उसकी आय कितनी थी? |
| Ans | ✗ A. ₹435 करोड़ |
| | ✓ B. ₹891 करोड़ |
| | ✗ C. ₹231 करोड़ |
| | ✗ D. ₹665 करोड़ |

| | |
|---|---|
| Q.35 | 309 से 320 के बीच कितनी अभाज्य संख्याएँ हैं? |
| Ans | ✗ A. 1 |
| | ✗ B. 5 |
| | ✓ C. 3 |
| | ✗ D. 4 |

| | |
|---|---|
| Q.36 | 3 कप और 4 गिलासों की कीमत ₹270 है। यदि 2 गिलास और खरीदे जाएँ, तो कुल राशि ₹330 हो जाती है। एक कप की कीमत ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. ₹45 |
| | ✓ B. ₹50 |
| | ✗ C. ₹30 |
| | ✗ D. ₹40 |

| | |
|---|---|
| Q.37 | एक बेलनाकार पाइप का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल और आयतन क्रमशः 565.2 $m^2$ और 1,695.6 $m^3$ है। पाइप का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।<br><br>($\pi$ = 3.14 का प्रयोग करें) |
| Ans | ✗ A. 548.29 m2 |
| | ✗ B. 658.76 m2 |
| | ✓ C. 791.28 m2 |
| | ✗ D. 428.36 m2 |

| | |
|---|---|
| Q.38 | एक पाइप एक टैंक को 11 मिनट में भर सकता है, जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरे हुए टैंक को 22 मिनट में खाली कर सकता है। यदि टैंक के खाली होने पर दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिए जाए, तो टैंक का आधा हिस्सा भरने में कितना मिनट लगेगा? |
| Ans | ✗ A. 23 |
| | ✓ B. 11 |
| | ✗ C. 12 |
| | ✗ D. 22 |

| | |
|---|---|
| Q.39 | 59 और B का तृतीयानुपाती C है। यदि B प्रथम तीन सम प्राकृत संख्याओं का योगफल है, तो C का मान ज्ञात कीजिए। (अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।) |
| Ans | ✗ A. 6.32 |
| | ✗ B. 1.44 |
| | ✓ C. 2.44 |
| | ✗ D. 0.14 |

| | |
|---|---|
| Q.40 | रमन की आय ₹43,800 है। वह अपनी आय के 20% की बचत करता है। यदि उसकी आय में 36% की वृद्धि होती है और खर्च में 40% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में ________होगी। |
| Ans | ✓ A. ₹1,752 की वृद्धि |
| | ✗ B. ₹1,757 की वृद्धि |
| | ✗ C. ₹1,748 की कमी |
| | ✗ D. ₹1,753 की कमी |

| Q.41 | एक कक्षा के 43 विद्यार्थियों की औसत आयु 13 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो संपूर्ण समूह की औसत आयु 14 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 56 |
| | ✓ B. 57 |
| | ✗ C. 54 |
| | ✗ D. 58 |

| Q.42 | माया अपने बच्चे के लिए एक मोबाइल फ़ोन खरीदती है। फ़ोन की कीमत ₹21,000 है और उस पर क्रमशः 5% और Z% की दो क्रमिक छूट दी जाती है। दोनों छूट प्राप्त करने के बाद, वह ₹11,172 का भुगतान करती है। Z का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 44 |
| | ✗ B. 45 |
| | ✗ C. 43 |
| | ✗ D. 42 |

| Q.43 | ₹4,400 की राशि पर 20% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर से 2 वर्षों में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹5,729 |
| | ✗ B. ₹7,289 |
| | ✗ C. ₹5,989 |
| | ✓ D. ₹6,336 |

| Q.44 | 72 – [49 – (81 θ9 – (14 – 24 θ4) θ8)] को सरल करें। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 39 |
| | ✓ B. 31 |
| | ✗ C. 35 |
| | ✗ D. 27 |

| Q.45 | यदि किसी लम्ब वृत्तीय बेलन के आधार की त्रिज्या 15% कम कर दी जाए तथा इसकी ऊंचाई 149% बढ़ा दी जाए, तो इसके आयतन में प्रतिशत वृद्धि (निकटतम पूर्णांक तक) कितनी होगी? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 109% |
| | ✗ B. 53% |
| | ✓ C. 80% |
| | ✗ D. 73% |

| Q.46 | एक व्यापारी एक वस्तु खरीदता है और उसे 25% लाभ पर बेचता है। खरीदार उसे पुनः 10% हानि पर बेचता है। यदि अंतिम विक्रय मूल्य ₹9,900 है, तो पहले व्यापारी के लिए वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) कितना था? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 9,000 |
| | ✓ B. 8,800 |
| | ✗ C. 8,000 |
| | ✗ D. 8,400 |

| Q.47 | R की आयु S की आयु से दोगुनी और T की आयु से तीन गुनी है। S, T से 5 वर्ष बड़ा है। R और T के बीच आयु में (वर्षों में) कितना अंतर है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 20 |
| | ✗ B. 24 |
| | ✗ C. 28 |
| | ✗ D. 30 |

| Q.48 | निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, अभाज्य संख्या नहीं है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 67 |
| | ✗ B. 79 |
| | ✗ C. 31 |
| | ✓ D. 51 |

| Q.49 | 15 cm ऊँची एक इमारत की चोटी से ज़मीन पर स्थित एक बिंदु पर अवनमन कोण 45 डिग्री है। इमारत से उस बिंदु तक क्षैतिज दूरी ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 30 m |
| | ✓ B. 15 m |
| | ✗ C. 7.5 m |
| | ✗ D. 45 m |

| Q.50 | एक कक्षा के 75 विद्यार्थियों ने भौतिकी की परीक्षा दी। 22 विद्यार्थियों का औसत स्कोर 85 था। अन्य विद्यार्थियों का औसत स्कोर 95 था। पूरी कक्षा का औसत स्कोर (दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित) कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 96.7 |
| | ✗ B. 82.4 |
| | ✗ C. 88.3 |
| | ✓ D. 92.1 |

Section : **General Intelligence and Reasoning**

| Q.51 | सात व्यक्ति B, C, D, I, J, K और L एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। L के दाईं ओर से गिनने पर, D और L के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। K के बाईं ओर से गिनने पर, K और I के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। B, D के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। L और I का निकटतम पड़ोसी J है। C के बाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. L |
| | ✗ B. K |
| | ✗ C. I |
| | ✓ D. J |

| Q.52 | उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।<br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>(12, 20, 45)<br>(18, 26, 57) |
|---|---|
| Ans | ✓ A. (13, 21, 47) |
| | ✗ B. (11, 20, 45) |
| | ✗ C. (15, 7, 19) |
| | ✗ D. (9, 17, 29) |

| Q.53 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'royal snow blue' को 'tl zw cr' और 'blue two web' को 'rg iq zw' लिखा जाता है। दी गई भाषा में 'blue' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. tl |
| | ✗ B. cr |
| | ✓ C. zw |
| | ✗ D. rg |

| Q.54 | निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।<br>RAMP - PRMA - RPAM<br>SEND - DSNE - SDEN |
|---|---|
| Ans | ✗ A. CODE - OCDE - EODC |
| | ✗ B. KEPT - TKPE - KETP |
| | ✓ C. QUAD - DQAU - QDUA |
| | ✗ D. HALT - THAL - ALTH |

| Q.55 | यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।<br>(बाएं) 515 758 761 726 579 (दाएं)<br>(उदाहरण: 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)<br>(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएँ से दाएँ करनी हैं।)<br>यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम क्या होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 13 |
| | ✓ B. 7 |
| | ✗ C. 6 |
| | ✗ D. 9 |

| Q.56 | छह व्यक्ति, A, B, C, D, E और F, एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B के ठीक बाईं ओर पड़ोस में A बैठा है। B के बाईं ओर तीसरे स्थान पर C बैठा है। B का निकटतम पड़ोसी D है। C के ठीक दाईं ओर पड़ोस में F बैठा है। E के ठीक बाईं ओर पड़ोस में D बैठा है। पंक्ति के दाहिने छोर पर कौन बैठा है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. F |
| | ✓ B. E |
| | ✗ C. B |
| | ✗ D. D |

| Q.57 | राकेश अपनी कक्षा में ऊपर से 13वें स्थान पर और नीचे से 18वें स्थान पर है। कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 15 |
| | ✗ B. 19 |
| | ✓ C. 30 |
| | ✗ D. 20 |

| Q.58 | सात डिब्बे, M, N, O, P, Q, R और S, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन ज़रूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। M और O के बीच केवल दो डिब्बे रखे हैं। केवल N, S के ऊपर रखा है। O के नीचे कोई डिब्बा नहीं रखा है। R, P के नीचे किसी स्थान पर लेकिन Q के ऊपर किसी स्थान पर रखा है। Q के ऊपर तीसरा डिब्बा कौन सा है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. P |
| | ✗ B. N |
| | ✗ C. M |
| | ✗ D. S |

| Q.59 | निम्नलिखित संख्या श्रृंखला को देखिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएँ केवल एक अंकीय संख्याएँ हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं करनी है।<br><br>(बाएं) 2 6 9 1 2 5 7 2 5 2 2 4 7 9 3 2 5 4 1 4 9 9 1 8 9 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने सम अंक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद में भी एक सम अंक है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. दो |
| | ✓ B. एक |
| | ✗ C. तीन |
| | ✗ D. चार |

| Q.60 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✓ A. QN-SP |
| | ✗ B. SP-UQ |
| | ✗ C. UR-WS |
| | ✗ D. WT-YU |

| Q.61 | श्री अकाई बिंदु A से शुरू होकर उत्तर दिशा में 15 km गाड़ी चलाते हैं। फिर वे दाएं मुड़ते हैं,18 km गाड़ी चलाते हैं, फिर दाएं मुड़ते हैं और 23 km गाड़ी चलाते हैं। फिर वे दाएं मुड़ते हैं और 26 km गाड़ी चलाते हैं। अंत में वे दाएं मुड़ते हैं, 8 km गाड़ी चलाते हैं और बिंदु P पर रुकते हैं। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उन्हें कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पश्चिम में 8 km |
| | ✗ B. उत्तर में 6 km |
| | ✓ C. पूर्व में 8 km |
| | ✗ D. पूर्व में 6 km |

| Q.62 | किसी निश्चित कूट भाषा में,<br>P + Q का अर्थ है कि 'P, Q का पिता है',<br>P # Q का अर्थ है कि 'P, Q की माता है',<br>P & Q का अर्थ है कि 'P, Q की पत्नी है',<br>और P % Q का अर्थ है कि 'P, Q की बहन है'।<br><br>यदि 'V % L & C + B % D' है, तो V का D से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. माता की माता |
| | ✗ B. पत्नी का भाई |
| | ✗ C. पति का भाई |
| | ✓ D. माता की बहन |

| Q.63 | यदि संख्या 54286379 में प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एक भी नहीं |
| | ✗ B. दो |
| | ✓ C. तीन |
| | ✗ D. एक |

| Q.64 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित रूप से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. BL-WR |
| | ✗ B. HR-CX |
| | ✓ C. QA-KG |
| | ✗ D. UE-PK |

| Q.65 | A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B के बाईं ओर दूसरे स्थान पर E बैठा है। F के दाईं ओर दूसरे स्थान पर C बैठा है। C के ठीक बाएं पड़ोस में D है। A के ठीक दाएं पड़ोस में कौन बैठा है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. C |
| | ✓ B. B |
| | ✗ C. F |
| | ✗ D. D |

| Q.66 | निम्नलिखित श्रृंखला को देखें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 6 6 4 5 2 2 4 5 1 4 7 7 4 5 9 6 9 2 4 3 8 1 2 8 3 7 1 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी विषम संख्याएँ हैं जिनके ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद एक सम संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 2 |
| | ✗ B. 5 |
| | ✓ C. 3 |
| | ✗ D. 4 |

| Q.67 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?<br><br>ZSL 18, VOH 29, RKD 40, NGZ 51, JCV 62, ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. FOR 73 |
| | ✗ B. FYI 73 |
| | ✓ C. FYR 73 |
| | ✗ D. FYL 73 |

| Q.68 | निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?<br><br>1, 2, 6, 15, 31, 56, ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 72 |
| | ✗ B. 86 |
| | ✗ C. 80 |
| | ✓ D. 92 |

| Q.69 | दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>18, 22, 30, 42, 58, ? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 78 |
| | ✗ B. 79 |
| | ✗ C. 77 |
| | ✗ D. 76 |

| | |
|---|---|
| Q.70 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>BMV, EOT, HQR, KSP, ? |
| Ans | ✗ A. QVM |
| | ✗ B. RUQ |
| | ✗ C. MUN |
| | ✓ D. NUN |

| | |
|---|---|
| Q.71 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>कुछ रबड़, पेन हैं।<br>कुछ पेन, बैग हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कुछ रबड़, बैग हैं।<br>(II) सभी बैग, पेन हैं। |
| Ans | ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |
| | ✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। |
| | ✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✓ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |

| | |
|---|---|
| Q.72 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से CEID का संबंध JLPK से है। उसी तरीके से, EGKF का संबंध LNRM से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, GIMH का संबंध दिए गए विकल्पों में से किस विकल्प से है? |
| Ans | ✗ A. PNOT |
| | ✗ B. NPOT |
| | ✓ C. NPTO |
| | ✗ D. PNTO |

| | |
|---|---|
| Q.73 | सतीश बिंदु A से चलना प्रारंभ करता है और दक्षिण की ओर 47 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है, 65 km ड्राइव करता है, दाएँ मुड़ता है और 65 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 77 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएँ मुड़ता है, 18 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करनी चाहिए?<br><br>(नोट: जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।) |
| Ans | ✓ A. 12 km, पश्चिम में |
| | ✗ B. 10 km, पश्चिम में |
| | ✗ C. 13 km, पूर्व में |
| | ✗ D. 11 km, पश्चिम में |

| | |
|---|---|
| Q.74 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'dirt is there' को 'mp rc gp' और 'clean the dirt' को 'hk mp bo' लिखा जाता है। दी गई भाषा में 'dirt' को किस प्रकार लिखा जाएगा? |
| Ans | ✗ A. gp |
| | ✗ B. hk |
| | ✓ C. mp |
| | ✗ D. bo |

| Q.75 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>12 28 45 63 ? 102 |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 76 |
| | ✓ B. 82 |
| | ✗ C. 72 |
| | ✗ D. 88 |

| Q.76 | निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक ग्रुप एक निश्चित तर्क का अनुसार अगले ग्रुप से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता है।<br><br>DIVE - DEVI - EVID<br>BEAR - BRAE - RAEB |
|---|---|
| Ans | ✓ A. COLD - CDLO - DLOC |
| | ✗ B. MUST - MUTS - USTM |
| | ✗ C. SOUP - OSUP - POUS |
| | ✗ D. ICED - IECD - DECI |

| Q.77 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।<br><br>कथन:<br>कुछ समोसे, बर्गर हैं।<br>कुछ बर्गर, पिज्जा हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I): कुछ समोसे, पिज्जा हैं।<br>(II): सभी पिज्जा, बर्गर हैं। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है |
| | ✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है |
| | ✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है |
| | ✗ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं |

| Q.78 | यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ x है, x का अर्थ ÷ है, ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>21 - 4 ÷ 371 + 111 x 3 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 409 |
| | ✗ B. 406 |
| | ✗ C. 411 |
| | ✓ D. 418 |

| Q.79 | यदि संख्या 258671543 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में मध्य अंक का मान कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 5 |
| | ✗ B. 4 |
| | ✓ C. 6 |
| | ✗ D. 3 |

| | |
|---|---|
| Q.80 | निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 1 2 8 4 6 9 5 8 8 7 9 2 6 6 5 8 6 3 1 1 4 4 6 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या है तथा ठीक बाद भी एक सम संख्या है? |
| Ans | ✗ A. एक |
| | ✗ B. तीन |
| | ✔ C. चार |
| | ✗ D. दो |

Section : **General Awareness and Current Affairs**

| | |
|---|---|
| Q.81 | बाल साहित्य पुरस्कार विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि क्या है? |
| Ans | ✗ A. ₹25,000 |
| | ✗ B. ₹75,000 |
| | ✔ C. ₹50,000 |
| | ✗ D. ₹1,00,000 |

| | |
|---|---|
| Q.82 | 2025 में ISSF विश्व कप में 10 m एयर पिस्टल में सुरुचि सिंह ने कितने स्वर्ण पदक जीते? |
| Ans | ✔ A. तीन |
| | ✗ B. एक |
| | ✗ C. चार |
| | ✗ D. दो |

| | |
|---|---|
| Q.83 | सितम्बर 2025 में मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस, 2025 की विषयवस्तु (थीम) क्या थी? |
| Ans | ✗ A. वॉइसेज ऑफ चेंज (Voices for Change) |
| | ✗ B. डेमॉक्रिसी फॉर डेवलपमेंट (Democracy for Development) |
| | ✗ C. स्ट्रेंथनिंग डेमॉक्रिसी, इंस्पायरिंग पार्टिसिपेशन (Strengthening Democracy, Inspiring Participation) |
| | ✔ D. अचीविंग जेंडर इक्वेलिटी, एक्शन बाइ एक्शन (Achieving Gender Equality, Action by Action) |

| | |
|---|---|
| Q.84 | बेंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, 2025 में लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड किसे मिला? |
| Ans | ✗ A. अदूर गोपालकृष्णन |
| | ✗ B. अनुपम खेर |
| | ✔ C. शबाना आजमी |
| | ✗ D. मनोज बाजपेयी |

| | |
|---|---|
| Q.85 | अप्रैल 2025 में भारत में CPI मुद्रास्फीति दर छह वर्ष के निचले स्तर पर पहुँचते हुए कितने प्रतिशत पर आ गई? |
| Ans | ✗ A. 4.2% |
| | ✗ B. 6.2% |
| | ✔ C. 3.16% |
| | ✗ D. 5.26% |

| | |
|---|---|
| Q.86 | निम्नलिखित में से किस संस्थान ने अक्टूबर 2025 में भारतीय शहरों में PM2.5 वायु गुणवत्ता मूल्यांकन किया और पाया कि सभी दस सबसे प्रदूषित शहर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) के भीतर स्थित थे? |
| Ans | ✗ A. सतत शहरी जलवायु अनुसंधान केंद्र (Centre for Sustainable Urban Climate Research) |
| | ✔ B. ऊर्जा और स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र (Centre for Research on Energy and Clean Air) |
| | ✗ C. भारतीय पर्यावरणीय आंकड़े एवं विश्लेषण परिषद (Indian Council for Environmental Data and Analysis) |
| | ✗ D. राष्ट्रीय वायुमंडलीय अध्ययन और नीति संस्थान (National Institute for Atmospheric Studies and Policy) |

| Q.87 | किस भारतीय राज्य ने अपने समुद्र तट को चक्रवातों और पर्यावरणीय क्षरण से बचाने के लिए 2030 तक 'ग्रेट ग्रीन वॉल' बनाने की योजना की घोषणा की है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. आंध्र प्रदेश |
| | ✗ B. ओडिशा |
| | ✗ C. तमिलनाडु |
| | ✗ D. पश्चिम बंगाल |

| Q.88 | दिसंबर 2024 में, भारत के सीमा सुरक्षा बल (BSF) ने कौन-सा स्थापना दिवस मनाया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 25वां |
| | ✗ B. 50वां |
| | ✔ C. 60वां |
| | ✗ D. 20वां |

| Q.89 | वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में किस इंश्योरेंस कंपनी के कुल APE में ULIP का हिस्सा घटकर 46.8% रह गया, जो पिछले वर्ष उसी तिमाही में 51.4% था।? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. आईसीआईसीआई (ICICI) प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस |
| | ✗ B. लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया |
| | ✗ C. एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड |
| | ✗ D. बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड |

| Q.90 | मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक, 2025, पुराने मुसलमान वक्फ अधिनियम, ______ को हटाने का प्रयास करता है। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 1923 |
| | ✗ B. 1933 |
| | ✗ C. 1943 |
| | ✗ D. 1953 |

| Q.91 | भारत ने दिसंबर 2024 में UNFCCC को अपनी चौथी द्विवार्षिक अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत की। UNFCCC का पूर्ण रूप क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. United Nations Framework Convention on Climate Change (यूनाइटेड नेशन्स फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज) |
| | ✗ B. Union Network for Future Climate Control (यूनियन नेटवर्क फॉर फ्यूचर क्लाइमेट कंट्रोल) |
| | ✗ C. United Nations Foundation for Climate Cooperation (यूनाइटेड नेशन्स फाउंडेशन फॉर क्लाइमेट कोऑपरेशन) |
| | ✗ D. United Nations Forum for Climate Coordination (यूनाइटेड नेशन्स फोरम फॉर क्लाइमेट कोआर्डिनेशन) |

| Q.92 | निम्नलिखित में से किस देश ने मई 2025 में विश्व का पहला AI-आधारित उपग्रह (AI-based satellite) लॉन्च किया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. यूएसए |
| | ✔ B. चीन |
| | ✗ C. जापान |
| | ✗ D. रूस |

| Q.93 | विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा संरचित बायोटेक मेंटरशिप प्रदान करने के लिए 21 मार्च 2025 को निम्नलिखित में से कौन सी पहल शुरू की गई थी? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. बायोनर्चर मेंटरशिप प्रोग्राम (BioNurture Mentorship Programme) |
| | ✔ B. बायोसार्थी मेंटरशिप इनीशिएटिव (BioSaarthi Mentorship Initiative) |
| | ✗ C. बायोटेक स्टार्टअप मिशन (Biotech Startup Mission) |
| | ✗ D. बायोइनोवेट इंडिया (BioInnovate India) |

| | |
|---|---|
| Q.94 | स्पोर्टस्टार एसेस अवार्ड्स 2025 में नेशनल टीम ऑफ द ईयर का पुरस्कार किस टीम ने जीता? |
| Ans | ✘ A. भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम (Indian Men's Football Team) |
| | ✔ B. भारतीय शतरंज टीम (Indian Chess Teams) |
| | ✘ C. भारतीय पुरुष हॉकी टीम (Indian Men's Hockey Team) |
| | ✘ D. भारतीय महिला क्रिकेट टीम (Indian Women's Cricket Team) |

| | |
|---|---|
| Q.95 | 2025 का फ्रेंच ओपन, जिसे रोलैंड गैरोस के नाम से भी जाना जाता है, किस प्रकार के कोर्ट सतह पर खेला गया था? |
| Ans | ✔ A. क्ले कोर्ट (Clay Court) |
| | ✘ B. आर्टिफिशियल टर्फ (Artificial Turf) |
| | ✘ C. ग्रास (Grass) |
| | ✘ D. हार्ड कोर्ट (Hard Court) |

| | |
|---|---|
| Q.96 | चुनावों के दौरान इंडेक्स कार्ड के प्रकाशन पर भारत निर्वाचन आयोग नेटवर्क (ECINET) का निम्नलिखित में से कौन-सा प्रभाव था? |
| Ans | ✘ A. प्रकाशन में कई अतिरिक्त सप्ताहों की देरी हुई। |
| | ✘ B. नए डिजिटल सुधारों के तहत कार्ड बंद कर दिए गए। |
| | ✔ C. परिणाम आने के 72 घंटों के भीतर कार्ड उपलब्ध हो गए। |
| | ✘ D. स्थानीय मतदान केन्द्रों पर अधिकारियों द्वारा कार्ड हस्तलिखित किये गये थे। |

| | |
|---|---|
| Q.97 | 2025 में, किस प्राधिकरण (authority) ने अपराजिता विधेयक 2024 पर गंभीर आपत्तियां जताई, और BNS के अंतर्गत इसके प्रस्तावित दंड को अत्यधिक कठोर और विषम बताया? |
| Ans | ✘ A. भारत का विधि आयोग |
| | ✘ B. राष्ट्रीय महिला आयोग |
| | ✔ C. केंद्र सरकार |
| | ✘ D. उच्चतम न्यायालय |

| | |
|---|---|
| Q.98 | किस संगठन ने 16 जून 2025 से 'साइबर सुरक्षा' नामक 12-दिवसीय साइबर सुरक्षा अभ्यास आरंभ किया? |
| Ans | ✘ A. भारतीय वायु सेना साइबर एजेंसी (Indian Air Force Cyber Agency) |
| | ✘ B. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (Indian Space Research Organisation) |
| | ✔ C. भारतीय रक्षा साइबर एजेंसी (Indian Defence Cyber Agency) |
| | ✘ D. भारतीय साइबर सुरक्षा संघ (Cyber Security Association of India) |

| | |
|---|---|
| Q.99 | DRDO द्वारा VLSRSAM का उड़ान परीक्षण कहाँ आयोजित किया गया था? |
| Ans | ✘ A. पोखरण परीक्षण रेंज, राजस्थान |
| | ✔ B. एकीकृत परीक्षण रेंज, ओडिशा |
| | ✘ C. सूर्य लंका, आंध्र प्रदेश |
| | ✘ D. DRDO मिसाइल कॉम्प्लेक्स, हैदराबाद |

| | |
|---|---|
| Q.100 | 2025 में, अरुणाचल प्रदेश में खेलो इंडिया बहुउद्देशीय हॉल का उद्घाटन करके किस सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया? |
| Ans | ✘ A. जनजातीय परिषद |
| | ✘ B. राज्य सरकार |
| | ✔ C. केंद्र सरकार |
| | ✘ D. स्थानीय पंचायत |

"